दिनांकः 10.12.2025 समय : 09:00 ए.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- पहला प्रवासी राजस्थानी दिवस समारोह आज जयपुर में आयोजित–विभिन्न सत्रों में राज्य के विकास के मुद्दों पर मंथन होगा।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–राज्य को खनन क्षेत्र में अग्रणी बनाना सरकार की प्राथमिकता।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज मानवाधिकार दिवस पर नई दिल्ली में कार्यक्रम को संबोधित करेंगी।
- राज्य में यूरिया डाइवर्जन को रोकने और किसानों को समय पर यूरिया उपलब्ध कराने के लिए विशेष अभियान संचालित।

000

पहला प्रवासी राजस्थानी दिवस समारोह आज जयपुर में मनाया जा रहा है। जेईसीसी सभागार में हो रहे इस समारोह में भाग लेने के लिए देश–विदेश से कई प्रवासी राजस्थानी पहुंचे हैं। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शिरकत करेंगे। इनके अलावा, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, अर्जुनराम मेघवाल, भूपेन्द्र यादव, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान और मनोहर लाल सहित कई मंत्री भी समारोह में शामिल होंगे। समारोह में सेक्टर–स्पेसिफिक कल्चरल सेशन होंगे, इनमें रिन्यूएबल एनर्जी, पर्यटन, शिक्षा, उद्योग, स्वास्थ्य, जल संसाधन और माइनिंग शामिल हैं। कार्यक्रम में देश–विदेश में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले प्रवासी राजस्थानी समुदाय की कुछ विशिष्ट हस्तियों को 'प्रवासी राजस्थानी सम्मान' भी प्रदान किया जाएगा। उद्योग और कारोबार जगत के दिग्गजों के अलावा, सरकार के मंत्री और अधिकारी,विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ, निवेशक, सांस्कृतिक जगत की हस्तियां शामिल होंगी। जलसे में भाग लेने के लिए करीब 9 हजार प्रवासियों ने अपना पंजीकरण कराया है। इस आयोजन की शुरुआत राजस्थान की विकास यात्रा और वर्तमान सरकार के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों की झलक दिखाने वाली प्रदर्शनी 'प्रगति पथ' के उद्घाटन के साथ होगी। इसके बाद उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ का स्वागत उद्बोधन होगा। और ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

...............

इससे पहले कल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आठ प्रवासी राजस्थानी चैप्टर्स के प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से प्रदेश में निवेश कर 'विकसित राजस्थान' की यात्रा में भागीदार बनने का आह्वान किया। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों को हर संभव मदद दे रही है।

000

मुख्यमंत्री ने कल खान और पेट्रोलियम विभाग की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि राजस्थान को खनन क्षेत्र में अग्रणी बनाना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में प्रचुर मात्रा में खनिज संसाधन उपलब्ध हैं और इनकी राज्य के विकास में बड़ी भूमिका है। उन्होंने अधिकारियों को खनिज संसाधनों का समुचित दोहन करते हुए समयबद्ध राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति करने के निर्देश दिए। साथ ही, अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने इस क्षेत्र में नवाचार और एआई का उपयोग कर खनिज ब्लॉक्स की संख्या बढ़ाने को भी कहा।

000

नागर विमानन महानिदेशालय ने इंडिगो एयरलाइंस को अपने शीतकालीन उड़ान परिचालन में दस प्रतिशत कमी करने का निर्देश दिया है। इंडिगो की उड़ान सेवाओं में व्यवधान और समस्या हल कर पाने में उसकी विफलता को इस कटौती का कारण बताया गया। महानिदेशालय ने एक नोटिस में इंडिगो से आज शाम पांच बजे तक संशोधित उड़ान कार्यक्रम देने को कहा है।

000

लोकसभा में आज भी चुनाव सुधारों पर चर्चा जारी रहेगी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि जिन सदस्यों को बहस में बोलने का अवसर नहीं मिला है, उन्हें आज अवसर दिया जाएगा। इससे पहले चर्चा करते हुए कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस के राज में कई बार मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर किया गया था, लेकिन अब विपक्षी दल इस काम पर सवाल उठा रहा है। उन्होंने देश के मतदान ढांचे की तारीफ करते हुए कहा कि आजादी के बाद से सभी को बराबर वोटिंग का अधिकार मिला है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मतदाता सूचियों में दोहरे मतदाताओं का मुद्दा उठाया। चुनाव सुधारों पर श्री गांधी ने कहा कि सभी पार्टियों के लिए मतदान से एक महीने पहले मशीन से पढ़ी जा सकने वाली मतदाता सूचियों की ज़रूरत है।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में मानवाधिकार दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगी। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इसका आयोजन किया है। 1948 में आज के ही दिन मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा स्वीकृत की गई थी। इस वर्ष मानवाधिकार दिवस की थीम है–सबके लिए आवश्यक जनसेवाओं की गरिमापूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित करना। राज्य में भी विभिन्न स्थानों पर मानवाधिकार दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।

000

आईआईटी जोधपुर के वैज्ञानिकों ने स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कामयाबी हासिल की है। यहाँ के शोधकर्ताओं ने सीधे समुद्री जल से हाइड्रोजन बनाने की तकनीक विकसित की है। हमारे संवाददाता ने बताया कि वैज्ञानिकों का कहना है कि यह नई तकनीक ग्रीन हाइड्रोजन बनाने की लागत को काफ़ी कम करके 90 रुपये प्रति किलोग्राम से भी नीचे ला सकती है।

...............

000

सीकर के फतेहपुर में कल रात एक स्लीपर बस और ट्रक की आमने–सामने की टक्कर में तीन लोगों की मृत्यु हो गई। हादसे में 29 लोग घायल हो गये। इनमें से 13 की हालत गंभीर है। बस में सवार ये लोग खाटूश्याम जी के दर्शन कर लौट रहे थे। गंभीर घायलों को जयपुर रेफर किया गया है।

000

पाली के ग्रमीण इलाकों में पेयजल की गुणवत्ता जांच के लिए जलदाय विभाग द्वारा फील्ड टेस्ट किट उपलब्ध कराई जा रही है। इस किट के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और एएनएम घर–घर जाकर पानी की जांच कर रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि इससे दूषित पानी पीने से होने वाली बीमारियों की रोकथाम में मदद मिलेगी।

................

000

राज्य में किसानों को समय पर यूरिया उपलब्ध कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 24 दिसम्बर तक चलने वाले इस अभियान में यूरिया डाइवर्जन को रोकने के प्रयास किये जा रहे हैं। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने बताया कि अभियान के तहत अब तक यूरिया डाइवर्जन के 420 कट्टे जब्त किये गये हैं। कृषि आयुक्तालय स्तर पर इसके लिए टीमों का गठन किया गया है, जो विभिन्न जिलों में औचक निरीक्षण कर रही हैं। इसके अलावा किसानों को निर्धारित दर पर गुणवत्तापूर्ण खाद और बीज उपलब्ध करवाने के लिए विभाग द्वारा समय–समय पर **गुण नियंत्रण अभियान** चलाया जाता है। 23 सितम्बर से 15 नवम्बर तक चलाये गये इस अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण कर लगभग 5 हजार खाद बीज के नमूने प्रयोगशालाओं में जांच के लिए भिजवाये गये।

इस बीच, जयपुर जिला उपभोक्ता आयोग ने खराब बीज बेचने पर एक विक्रेता पर कार्रवाई करते हुए 65 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। ये घटिया और नकली बीज तरबूज की खेती के लिए बेचे गये थे।

000